भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 795
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) **को दिया जाने वाला**
उत्तर

कोलकाता विमानपत्तन से उड़ानें

795. श्रीमती रचना बनर्जीः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कोलकाता से यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के लिए कोई सीधी उड़ान नहीं है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) सभी महानगरों से यूरोप और अमेरिका के लिए शुरू की गई सीधी उड़ानों का एयरलाइन-वार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार का संपर्क बढ़ाने के लिए कोलकाता से यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के मार्गों को प्रोत्साहित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (घ): वर्तमान में, कोलकाता से यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के लिए कोई सीधी उड़ान परिचालित नहीं है।

एयरलाइनों का अंतर्राष्ट्रीय परिचालन भारत और संबंधित देश के बीच द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते (एएसए) द्वारा नियंत्रित होता है। एएसए के अनुसार, भारतीय नामित वाहक परस्पर सहमत क्षमता सीमा के अनुसार कोलकाता सहित किसी भी स्थान से/विदेशी गंतव्यों के लिए परिचालन आरंभ करने के लिए स्वतंत्र हैं, जबकि कोई भी नामित विदेशी एयरलाइन भारत में किसी स्थान के लिए/स्थान से परिचालन कर सकती है, यदि इसे उस देश के साथ किए गए एएसए में प्वाइंट ऑफ कॉल के रूप में नामित किया गया हो। भारत में किसी भी स्थान से सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आरंभ करना पूर्ण रूप से यात्री मांग, स्लॉट की उपलब्धता, मार्ग की आर्थिक व्यवहार्यता और अन्य संबंधित कारकों के आधार पर अनुसूचित एयरलाइनों का वाणिज्यिक निर्णय है। सरकार ने नागर विमानन क्षेत्र के विकास के लिए सक्षमकारी वातावरण प्रदान किया है और यह एयरलाइनों की परिचालन योजनाओं में हस्तक्षेप नहीं करती है।

भारत में महानगरों से यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका तक परिचालित सीधी उड़ानों का एयरलाइन-वार विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

अनुलग्नक

यूएसए और यूरोप (यूके सहित) के लिए/से हमारे महानगरों* के लिए/से भारतीय और विदेशी वाहकों द्वारा प्रचालन:

क्रम.सं.	एयरलाइन का नाम	सेवाएँ/सप्ताह
1.	एअर इंडिया	145
2.	इंडिगो	50
3.	एयर फ्रांस	27
4.	अमेरिकन एयरलाइंस	7
5.	यूनाइटेड एयरलाइंस	7
6.	बेलाविया	1
7.	ब्रिटिश एयरवेज़	56
8.	वर्जिन एटलांटिक एयरवेज	35
9.	फिनएयर	7
10.	आईटीए एयरवेज	7
11।	केएलएम एयरलाइंस	27
12.	लुफ्थांसा	52
13.	पोलस्की लिनी लॉटनिज़ एलओटी एसए	7
14.	स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस	14
15.	टर्किश एयरलाइंस	14

*दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु

******